हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 13 जुलाई 2024

06 खेल ग्राउंड में एसडीएम ने किया पौधरोपण



08 बारिश नहीं होने से खेतों में मुरझाने लगी धान





## खबर संक्षेप

### रोटरी क्लब अधिष्ठापन समारोह आज होगा

**विदिशा।** रोटरी क्लब का अधिष्ठापन समारोह आज शाम 7.30 से विनायक बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुशील मल्होत्रा की उपस्थिति में अध्यक्ष दीपेश यादव एवं सचिव शांतनु खत्री अपनी नई कार्यकारिणी के साथ अधिष्ठापित होंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मनोज जैन, अमित गुप्ता, डॉ तेजस मेहता मौजूद रहेंगे।

### शासकीय आईटीआई में प्लेसमेंट ड्राइव, अप्रेंटिस ड्राइव 18 को

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई में 18 जुलाई को वेल्सपन कॉर्प लिमिटेड रायसेन कंपनी का प्लेसमेंट ड्राइव, अप्रेंटिस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट ड्राइव, अप्रेंटिस ड्राइव में आईटीआई उत्तीर्ण एसे अभ्यर्थी जिन्होंने फिटर, वेल्डर, टर्नर से आईटीआई कम से कम 50 परसेंट से किया हो तथा आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष तक हो ऐसे पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकेंगे। आईटीआई प्राचार्य एपी श्रीवास्तव ने बताया कि उम्मीदवारों को अपने साथ अपना बायोडाटा एवं स्वयं के मूल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा उनकी एक छायाप्रति एवं 2 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लाना अनिवार्य होगा।

### पीएम विश्वकर्मा योजना समिति की बैठक 15 को

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए गठित जिला क्रियान्वयन समिति की बैठक का आयोजन 15 जुलाई को किया गया है। यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में प्रति सोमवार को आयोजित होने वाली लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के बाद प्रारंभ होगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र विदिशा द्वारा उपलब्ध कराई जानकारी के अनुसार उक्त जिला क्रियान्वयन समिति की बैठक में पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत जिला क्रियान्वयन समिति स्तर पर आवेदनों के सत्यापन हेतु अनुमोदन पर चर्चा की जाएगी।

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन 14 को होगा

**विदिशा।** शासकीय महाविद्यालय को प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के रूप में चयनित किया गया है। जिसका विधिवत उद्घाटन शासन के निर्देशानुसार 14 जुलाई की दोपहर 1: 30 बजे किया जाएगा। तदुपरान्त 2.30 बजे मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम का इंदौर में उद्घाटन करेंगे। जिसका वर्चुअल प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विदिशा विधायक मुकेश टंडन, जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र रघुवंशी, विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा तथा विशेष अतिथि एवं कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य शामिल होंगे। संस्था की प्राचार्य डॉ सुमन कटारिया ने सभी गणमान्य नागरिकों, पूर्व विद्यार्थियों तथा सभी अध्ययनरत विद्यार्थियों व उनके पालकों से 14 जुलाई को उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### बारिश न होने से उमस के कारण लोग परेशान

**विदिशा।** विगत चार दिनों से बारिश नहीं हुई है। दिन के समय तेज धूप निकल रही है। आसमान में बादल होने के कारण तेज उमस का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। ऐसे में सिर में दर्ज और सर्दी खासी जैसी समस्याओं से लोगों को जूझना पड़ रहा है। घरों में कूलर पंखों के काम करना बंद कर दिया है। जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। छोटे बच्चों को सर्दी, खासी, बुखार जैसी समस्या आ रही है। वहीं निजी क्लीनिकों पर भी मरीजों की संख्या बढ़ गई है। तेज उमस ने लोगों को परेशान कर रखा है। हालांकि मौसम विभाग बारिश होने की आशंका जता रहा है, लेकिन पिछले 4 दिनों से बारिश रुकी है।

## प्रेसवार्ता के दौरान कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया

# मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं, मंत्री बोले चलती रहेगी लाड़ली बहना योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

प्रदेश की भाजपा सरकार के कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग शुक्रवार को विदिशा आए। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के दौरान 2014 की तुलना में 2024 में देश के हर क्षेत्र में अमूल-चूल परिवर्तन हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में न सिर्फ विदेशों में भारत का सम्मान बढ़ा है, बल्कि देश के भीतर भी गरीब, वंचित, किसान, महिला समेत सभी वर्गों का विकास हुआ है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सारंग ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। विश्वास सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर सेक्टर में बहुत अच्छा काम किया है। खेल मैदान और खिलाड़ी के उन्नयन में सरकार काम कर रही है। गुरुवार को मुख्यमंत्री के साथ ओलंपिक गेम्स में पार्टिसिपेट कर रहे खिलाड़ियों से मुलाकात को लेकर उन्होंने कहा कि भोपाल में शूटिंग में उनकी रेंज ज्यादा है, उन्होंने बताया कि नेशनल टीम भी भोपाल में प्रैक्टिस कर रही है। ट्रायल भी भोपाल में हुए हैं।

मप्र के एश्वर्या और सागर दो खिलाड़ी ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि खिलाड़ी ओलिंपिक खेलों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग से पूछा गया कि लाडली बहन योजना के कारण प्रदेश में सरकार बनी है, लेकिन आज जिन योजनाओं को गिनाया जा रहा था, उनमें लाडली बहन का नाम नहीं है तो उनका कहना था कि लाडली बहन के माध्यम से हर बहन को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने को लेकर काम नहीं कर रहे, बल्कि समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रहे हैं। लाडली बहना योजना चल रही है और आगे भी चलती रहेगी। इस मौके पर विधायक मुकेश टंडन, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जादौन, भाजपा नेता मनोज कटारे सहित भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



विदिशा। नरेंद्र मोदी सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए कैबिनेट मंत्री ने कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लिया।

### मप्र सहित कई राज्यों में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ाः सारंग

कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा बताई गई चार जातियों के कल्याण के लिए मप्र की डॉ. मोहन यादव सरकार लगातार कार्य कर रही है। मप्र सरकार का हाल ही में 3 जुलाई को विधानसभा में प्रस्तुत बजट प्रदेश की जनता को आत्मनिर्भर बनाने के साथ 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में योगदान देने वाला है। भारत के इतिहास में 6 दशकों के बाद स्थिर सरकार के वैश्विक महत्व को रेखांकित करते हुए लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए स्पष्ट बहुमत से भाजपा सरकार एवं नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया। 2024 का यह चुनाव नीति, नीयत, निष्ठा और निर्णयों पर विश्वास का चुनाव रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का अपना वोट प्रतिशत भी बढ़ा है। 2019 के मुकाबले 2024 के लोकसभा चुनाव में देश के विभिन्न राज्यों में हमारा वोट प्रतिशत बेहतर हुआ है। मप्र में इतिहास रचते हुए भाजपा ने पहली बार 29 में से 29 सीटें जीती हैं।

# स्कूल के किचन की दीवार गिरी, एक बच्ची का पैर टूटा

## इससे पहले रात में एक दूसरे स्कूल की गिरी थी छत

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

लटेरी के ग्राम सड़ावता के प्राइमरी स्कूल की किचन की दीवार गिरने से 9 वर्षीय छात्रा घायल हो गई। पिता उदयराज अहिरवार ने बताया कि बेटी प्रियंका कक्षा 3 में पढ़ती है। वह गुरुवार को स्कूल गई हुई थी। लंच के समय किचन की दीवार बच्ची के ऊपर गिर गई। स्कूल के पास के पड़ोसियों ने बच्ची की दीवार के नीचे से निकाला और हमें सूचना दी। इस दौरान शिक्षक स्कूल के अंदर बैठे-बैठे मोबाइल पर लूडो गेम खेलते रहे। न तो उन्होंने बच्ची को बचाने में मदद की और न ही हमें सूचना दी।





### दो साल पहले बना है स्कूल का किचन शेड

स्कूल का किचन 2 साल पहले ही बना है। घायल छात्रा को परिजन गुना के मीनाक्षी हॉस्पिटल में लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसके पैर में फैक्चर बताया। छात्रा को कई जगह-जगह चोटें भी आईं हैं। परिजनों ने लापरवाह शिक्षकों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र बघेल ने बताया कि मेरे संज्ञान में अभी मामला नहीं आया। बीआरसी से बात करता हूं इसके बाद ही जवाब दे पाऊंगा। लटेरी क्षेत्र में सरकारी स्कूलों की बिल्डिंग की गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठाए जाते रहे हैं। बीते सोमवार की रात ग्राम डुगरावनी के स्कूल की छत गिर गई थी। गनीमत रही की रात के समय छत गिरी नहीं तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

# शहर की समस्याओं को लेकर डीएम से मिले कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

स्कूल संचालकों की मनमानी फीस वसूली ओर शहर की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को कांग्रेसी कलेक्टर से मिले। शहर में ट्रैफिक की समस्या से जनता परेशान है। सड़कों की स्थिति बहुत खराब है। पूरे शहर में गड्ढे हो रहे हैं नगरपालिका का इस और कोई ध्यान नहीं है।

बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस रहा है। कलेक्टर को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि प्राइवेट स्कूल संचालक मनमर्जी से फीस वसूली कर रहे हैं। हर स्कूल की फीस अलग है। जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूलों की मनमर्जी पर रोक लगाना चाहिए। बेतवा नदी की स्थिति अभी तक नहीं सुधरी, लोगों को शुद्ध जल पीने नहीं मिल पा रहा। मेडिकल कॉलेज ओर जिला चिकित्सालय में सुविधा का अभाव है। विद्युत कटौती से जनता परेशान है। इस दौरान पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमल सिलाकारी, देवेंद्र श्रीवास्तव, सुभाष बोहत, नंदकिशोर शर्मा, आनंद प्रताप सिंह, अरुण अवस्थी, सुजीत देवलिया , रवि साहू, गोविंद राजपूत, सुनील दांगी आशीष माहेश्वरी, सुंदर दांगी, राजकुमार पासी आदि मौजूद रहे।



विदिशा। नगर की समस्याओं को लेकर डीएम से सामने अपनी बात रखे नेता।

### गांव की बिटिया ने विदेश से हासिल की एमबीबीएस की डिग्री

**कस्बा बागरोद।** पढ़ाई का जुनून और घरवालों के सपनों साकार करने का लक्ष्य लेकर एक मध्यमवर्गीय परिवार की बेटी सृष्टि व्यास 2018 में मेडिकल की पढ़ाई करने रूस गई। इसके पहले सृष्टि ने कोटा राजस्थान मे कोचिंग की। सृष्टि का चयन रसिया की कीकाबर्डिनो बाल्केरियन स्टेट यूनिवर्सिटी में हुआ तब से ही सृष्टि वहीं पर अध्यनरत है। 11 जुलाई को सृष्टि व्यास को एमबीबीएस की डिग्री सौंपी गई। वह रशिया से जल्द ही भारत आएंगी। बिटिया के डॉक्टर बनने पर परिवार में हर्ष है।



# क्रमोन्नति वेतनमान के आदेश जारी करने की मांग कर संघ ने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

प्रांतीय शिक्षक संघ ने शुक्रवार को जिला शिक्षाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर क्रमोन्नति वेतनमान के आदेश जारी करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि मप्र शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल से 5 अक्टूबर 2023 को आदेश जारी हो चुका है। प्राथमिक शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षकों को 12 वर्ष नियमित सेवा पूर्ण करने पर उन्हें प्रथम क्रमोन्नति वेतनमान और प्राथमिक शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षकों को 24 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण करने पर उन्हें द्वितीय क्रमोन्नति वेतनमान स्वीकृत करने के आदेश जारी किए जाएं। विदिशा जिले के आसपास जिलों में आदेश जारी हो चुके हैं। लेकिन विदिशा जिले में अभी तक आदेश जारी नहीं हुए हैं। शासन स्कूल शिक्षा विभाग से आदेश जारी हुए 9 माह हो चुके हैं। प्रांतीय शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी प्रथम एवं द्वितीय क्रमोन्नति वेतनमान के आदेश शीघ्र जारी करने की मांग की है। इस दौरान जिला अध्यक्ष जाहिद मोहम्मद, प्रदेश सह संगठन मंत्री राजेंद्र राय, विदिशा ब्लॉक अध्यक्ष राकेश सोनी, मुकेश अहिरवार, अजय सेन, ध्रुवकुमार शर्मा, उमेश कनहेरिया, रज्जूलाल शाक्य, दौलत पंथी, देवेंद्र जाट, राकेश शर्मा, डॉक्टर फैजान खान, गोविंद दांगी, प्रकाश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।



# एसएटीआई की सिविल इंजीनियरिंग कोर्स को मिला एनबीए एक्रीडिटेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एसएटीआई डिग्री में बीटेक सिविल इंजीनियरिंग कोर्स को राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड द्वारा टियर-1 में फिर से मान्यता दी गई है।

पहले शैक्षणिक वर्ष 2021-22 से 2022-24 के लिए मान्यता प्राप्त कार्यक्रम की मान्यता 30 जून को समाप्त होने वाली थी। कार्यक्रम का मूल्यांकन करने के लिए एनबीए विशेषज्ञ टीम ने 18 मई को दौरा किया। संस्था के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. आशीष मानोरिया ने बताया कि एनबीए ने शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से 2026-27 के लिए टियर-1 में हमारे बी.टेक सिविल इंजीनियरिंग कोर्स को पुनः एक्रीडिटेशन को मंजूरी दे दी है, जिससे हमारी मान्यता 30 जून 2027 तक बढ़ गई है। उत्कृष्टता के इस प्रमाण को प्राप्त करने पर महाराजा जीवाजीराव एज्युकेशन सोसायटी के सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेड़कर एवं एसएटीआई निदेशक डॉ. वायके जैन ने हर्ष व्यक्त करते हुए सिविल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव जैन और पूरे संकाय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं में हर्ष है।

### सूने घर से सोने चांदी के जेवर और नगदी चोरी

**खामखेड़ा।** पुलिस चौकी खामखेड़ा अंतर्गत ग्राम बल्लाखेड़ी में गुरुवार की रात सूने घर में चोरी हो गई। परिवार के लोग शादी में गए थे और घर सूना था। रात में मौका पाते ही अज्ञात चोर घर में घुस गए ओर सोने चांदी के जेवर सहित 60 हजार रुपए नगद चुरा ले गए। रात करीब तीन बजे परिवार के सदस्य संजीव बघेल घर वापस आए तो सामान बिखरा पड़ा था। ताले टूटे मिले तो उन्होंने पुलिस को कॉल किया। करारिया थाने से पुलिस पहुंची। चौकी प्रभारी खामखेड़ा राजेश मिश्रा ने टीम को मौके पर बुलाकर जांच कराई।

# पुलिस टीम ने स्कूली छात्र-छात्राओं को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

युवाओं को साइबर सुरक्षा और आपातकालीन सेवाओं के बारे में जागरुक करने साइबर पुलिस और रेडियो पुलिस ने शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को साइबर खतरों से खुद को बचाने के के साथ सशक्त बनाना और उन्हें डायल 100 आपातकालीन सेवा के बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को साइबर सुरक्षा, साइबर क्राइम से बचाव एवं पुलिस की डायल 100 योजना के संबंध में जागरूक किया गया। इस दौरान प्रभारी रेडियो शाखा ने छात्र-छात्राओं को पुलिस की डायल 100 योजना के बारे में बताया गया। इस दौरान डायल 100 पुलिस द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों के संबंध में डॉक्यूमेंटरी फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। बच्चों को बताया गया कि किसी भी परिस्थिति में जब आपको पुलिस की आवश्यकता है तो आप पहले डायल 100 पर कॉल करें। पुलिस शहरी क्षेत्र में आपके पास 5 मिनट में एवं ग्रामीण क्षेत्र में 25 मिनट में पहुंचकर आपकी हर संभव मदद करेगी। इसके साथ ही साइबर सेल के द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया का सावधानी पूर्वक उपयोग करने, किसी के साथ ओटीपी शेयर न करने, अपना पासवर्ड गुणवत्ता पूर्ण बनाने, अनजान विडियो कॉल को रिसीव न करना, अनजान व्यक्ति की फ्रैंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट न करना, अनावश्यक लिंक पर क्लिक न करने, आधार बायोमेट्रिक्स के दुरुपयोग से बचाव एवं लुभावने ऑफर को नजर अंदाज करने के बारे में जानकारी दी गई।



## लगाए जा रहे पौधों के लिए ट्री गार्ड उपलब्ध कराएंगे विधायक टंडन

# बेतवा उत्थान समिति ने स्टेडियम में रोपे 100 पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विगत 21 वर्षो बेतवा नदी एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रतिबद्ध संस्था बेतवा उत्थान समिति द्वारा खेल परिसर में 100 वृक्ष रोपित किए गए।

इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन, कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैध, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, व्यापारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेश जैन, पार्षद बालमुकुंद दादा, रामप्रसाद पासी, प्रजापति, डॉ. निर्मल चौरसिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरविन्द श्रीवास्तव एवं खेल प्रेमिओं ने 100 से अधिक पौधों का रोपण किया गया । इस अवसर पर मुकेश टंडन ने समिति द्वारा विगत 21 वर्षो से अनवरत किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समिति को जहां भी वृक्षारोपण में ट्री-गार्ड की आवश्यता होगी वहॉ वह ट्री-गार्ड के साथ पौधा भी उपलब्ध कराएंगे। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने समिति द्वारा नियमित किए जा रहे श्रमदान की सराहना करते हुए कहा की समस्त संस्थाओं एवं नागरिकों को जिले में 10 लाख से अधिक पौधे रोपित करने में सहयोग का आव्हान किया। विदिशा नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने वृक्षों को जीवन का आधार बताते हुए नगर में अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की बात कही।

बेतवा उत्थान समिति के अध्यक्ष अशोक गोयल ने खेल परिसर में वृक्षारोपण की व्यवस्था में जुटे सुशील अग्रवाल एवं खेल परिसर के फिजिकल ट्रेनर भूपेन्द्र शर्मा और उनकी टीम की सराहना की और कहा कि बरसात समाप्त होने से पहले समिति इसी तरह जन सहयोग से सुरक्षित जगह 1000 पेड़ लगाएंगे। समिति के सचिव राजकुमार अग्रवाल ने अंत में आभार माना।



विदिशा। स्टेडियम परिसर में समाजसेवियों के साथ जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर पौधरोपण में सहभागिता निभाई।

## फसलों को पसीने से सींच रहे किसान



विदिशा। भीषण गर्मी के बीच किसान खेतों में जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। फसलों को रोगों से बचाने के लिए खेतों में दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3501
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-2812
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2460
उच्चतम भाव- 2470
चना
न्यूनतम भाव- 4900
उच्चतम भाव- 6750
मसूर
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-6500
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-4466
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-5201
उच्चतम भाव-5452
सरसों
न्यूनतम भाव-1700
उच्चतम भाव-5820
उड़द
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-8011
मूंग
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-7850
धान
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-2555
ज्वार
न्यूनतम भाव-2611
उच्चतम भाव-2611

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 6005 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### हिट एण्ड रन के मामले में आर्थिक मदद जारी




**गंजबासौदा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने सड़क दुर्घटना में मृतक के निकटतम परिजन को दो लाख रूपए की आर्थिक मदद जारी कर दी है। उल्लेखनीय है कि त्योंदा तहसील अंतर्गत रामबाबू अहिरवार निवासी ग्राम रसूलपुर की मृत्यु हो जाने पर मृतक की माँ रामप्यारीबाई बेवा निहाल सिंह अहिरवार को दो लाख रूपए की आर्थिक सहायता जारी की गई है।

### सूरज सिंह रघुवंशी का निधन

**गंजबासौदा।** हरि सिंह रघुवंशी आगासौद वालों के बड़े भाई एवं वीरेंद्र, प्रवीण, मनवीर के पिताजी एवं महेंद्र, कृष्ण पाल के ताऊजी एवं विशाल, निखिल ,विवेक, रनवीर के दादाजी सूरज सिंह रघुवंशी आगासौद वालों का निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास स्थान मोदगिल साहब वाली गली बेहलोट बाईपास से शुक्रवार को दोपहर के समय मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# तीन दिन के बाद नगर में हुई झमाझम बारिश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तीन चार दिनों के बाद शुक्रवार को नगर में झमाझम बारिश हुई। जिससे नागरिकों को भीषण गर्मी और उमस से कुछ राहत मिल गई। नागरिकों ने बताया कि बारिश के मौसम में भी नगर में बरसात नहीं हो रही है और भीषण गर्मी और उमस से लोग परेशान हैं तथा बीमारियां बढ रहीं हैं। यहां उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को नगर में सुबह से तेज धूप निकली जिससे लोग रोज की तरह उमस और गर्मी से परेशान दिखाई दिए। वहीं दोपहर बाद मौसम में अचानक बदलाव आया और झमाझम बारिश का दौर शुरु हो गया जो लगभग दो घंटे से अधिक समय तक चलता रहा। जिससे नगर के मध्य से होकर बहने वाली पाराशरी नदी एवं नालों का जल स्तर बढ़ गया। वहीं सड़कें पानी से भर गईं, कुछ रहवासी बस्तियों में पानी एकत्रित हो गया। शासकीय परिसर जनपद पंचायत परिसर, एसजीएस कॉलेज ग्राउण्ड में पानी एकत्रित हो गया। देर तक तेज बारिश होने से मौसम में ठण्डक घुल गई। वहीं दूसरी ओर अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र में इस दौरान बारिश नहीं हुई या रिमझिम बारिश ही होकर रह गई। उधर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने अब आगामी दिनों में भी इसी तरह बारिश के संकेत दिए हैं, लेकिन तापमान में गिरावट की संभावना नहीं है।

## खेल ग्राउंड में एसडीएम ने किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

शुक्रवार को ग्राम रसूलपुर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत खेल ग्राउंड में एसडीएम विजय राय एवं त्योंदा तहसीलदार अवधेश कुमार यादव, ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि राम हरी शर्मा द्वारा पौधारोपण किया गया। इस मौके पर ग्राम रसूलपुर के शाला भवन का एसडीएम द्वारा निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान शाला प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### नए ठेकेदार द्वारा ठेका लेने के बाद सामने आ रही अनेक अव्यवस्थाएं

# शराब की दुकान हटाने को लेकर नागरिकों ने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा






कंजना की पठार स्थित नवीन कृषि उपज मण्डी के पास पट्टे की जमीन पर खुली शराब की दुकान को लेकर शुक्रवार को मंडी मजदूरों एवं आसपास के रहवासियों ने जमकर विरोध दर्ज कराया। पूर्व में इन लोगों द्वारा की गई शिकायत पर कार्रवाई न होने से नाराज मंडी मजदूरों, आसपास के रहवासियों ने मुख्य मार्ग पर प्रदर्शन किया। जिससे काफी समय तक मार्ग से आवागमन बाधित रहा।

उल्लेखनीय है कि नई मंडी के पास गत वर्ष शराब दुकान खोली गई थी। जिसको लेकर तब भी लोगों ने विरोध दर्ज कराया था, लेकिन प्रशासन ने आश्वासन देकर विरोध करने वालों को शांत करवा दिया था। इसके बाद से शराब दुकान नियमित संचालित हो रही है। जिसको लेकर अब एक बार फिर विरोध होने लगा है और शुक्रवार को यह विरोध सडक पर प्रदर्शन के रूप में नजर आया। आज कृषि उपज मंडी में काम करने वाले हम्माल, मजदूर एवं आसपास के लोगों ने इस शराब दुकान को लेकर प्रदर्शन किया और मुख्य मार्ग पर धरना देकर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि नई मंडी के पास शराब दुकान होने के कारण यहां शराबियों का जमघट लगा रहता है और आए दिन शराब के नशे में झगडे, गाली गलौंच, मारपीट की घटनाएं हो रही हैं। वहीं मंडी में आने वाले किसानों, महिला मजदूरों, कर्मचारियों और आसपास के रहवासियों को भी काफी समस्याओं का सामना करना पड रहा है। वहीं शराब दुकान के कारण कई लोग शराब के नशे में मंडी प्रांगण में पहुंच जाते हैं और किसानों एवं हम्मालों सहित व्यापारियों के साथ अभद्रता करते हैं। जिससे मंडी में काम करना मुश्किल साबित होता है। इस कारण मंडी मजदूर और रहवासी शराब दुकान हटाने की मांग कर रहे हैं। उधर इस प्रदर्शन की सूचना मिलने पर एसडीएम विजय राय और आबकारी उपनिरीक्षक संजय इवने अमले के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाइश दी। जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन सौंपकर अपना प्रदर्शन समाप्त किया। ज्ञापन में 24 घंटे में शराब दुकान हटवाने की मांग पूरी न होने पर हम्मालों द्वारा मंडी में कोई काम न करने की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन देने वालों में भागीरथ कुशवाहा, हम्माल संघ के अध्यक्ष पिंटू रैकवार, चेतन अहिरवार, संतोष रैकवार दर्जनों हम्माल, मजदूर शामिल थे।

इस बारे में आबकारी उपनिरीक्षक संजय इवने का कहना था कि दुकान का संचालन किरायानामा के आधार पर होता है। पट्टे की भूमि होने से कोई फर्क नहीं पडता। लोगों की मांग पर कमिश्नर को प्रतिवेदन भेजा जाएगा और उनके निर्देश पर कार्रवाई की जाएगी।

## जंगली सूअर ने हमला कर वृद्ध को किया गंभीर रुप से जख्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा



शुक्रवार को ग्राम छपारा में एक 80 वर्षीय वृद्ध को जंगली सूअर ने हमला कर लहूलुहान कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम छपारा निवासी यशवंत सिंह गुर्जर अपने खेत पर फसल की रखवाली कर रहे थे तभी अचानक एक जंगली सूअर ने उन पर हमला कर दिया। जिससे उनका एक हाथ टूट गया एवं मुंह और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। वृद्ध के शरीर में लगी चोटों से खून बह रहा था। जिसको परिजन उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां डॉक्टर नीलेश गुर्जर ने प्राथमिक उपचार के बाद वृद्ध की गंभीर हालत को देखते हुए विदिशा रेफर कर दिया।

### फार्म हाउस पर रोपे 25 फलदार पौधे



**गंजबासौदा।** एक पेड मां के नाम अभियान के तहत वरिष्ठ पत्रकार यशपाल यादव ने उदयपुर स्थित अपने फार्म हाऊस पर नारियल, चीकू, बादाम, आंवला, नींबू, आम, रूद्राक्ष आदि प्रजातियों के 25 पौधों का रोपण कराया। उन्होंने बताया कि मां की तरह ही फलदार पेड भी फल और छाया दोनों देते हैं और इसलिए उन्होंने इस वर्ष फार्म हाउस में 1 हजार फलदार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। इस मौके पर उपयंत्री रामगोपाल यादव, राजकुमार चौरसिया सरपंच प्रतिनिधि,प्रेम कपूर, अधिवक्ता सुरेन्द्र भारद्वाज सहित ग्राम के अन्य गणमान्य ग्रामीण एवं नागरिक मौजूद थे।

### व्यवस्थाओं को लेकर मोहर्रम कमेटी ने सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को मोहर्रम कमेटी ने नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव को मोहर्रम पर्व पर बिजली, पानी, साफ, सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर समीर किरमानी सहित मुस्लिम समाज के अनेक लोग मौजूद थे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अनेक स्थानों पर हुआ पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर सहित ग्रामीण अंचलों में पौधरोपण किया जा रहा है। शुक्रवार को ग्राम बारोद में पंचायत भवन में मां के नाम एक पौधा लगाया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य भारतीय जनता पार्टी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विश्व हिंदू परिषद राजेश तिवारी, हरि नारायण शर्मा, सरपंच रामकृष्ण कुशवाहा, नीलेश, गोविंद कुशवाह, राहुल रैकवार मौजूद थे।

वहीं ग्राम हरगना खेड़ी में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पौधरोपण किया गया। इस दौरान ग्राम के शांति वन में तुलसी आम, महुआ, मोगरा, चमेली ,तुलसी, बिल पत्र आदि के पौधे लगाये गये। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि बलराम बघेल, सचिव प्रमोद यादव, रोजगार सहायक हेमंत गोड़, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता करुणा गोड,अनीता दुबे, सहायिका प्रीति जाटव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। इस पौधरोपण अभियान के दौरान रोपे गए सभी पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी आंगनवाडी कार्यकर्ताओं ने ली।

### शहर वाचनालय पाठक संघ ने क्षमा दिवस मनाया

## खुश रहने के लिए माफ करो या माफी मांगो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में क्षमा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के प्रांतीय संयोजक दीपक तिवारी द्वारा किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले द्वारा कहा गया हर साल 7 जुलाई को क्षमा दिवस मनाते हैं जो शांति को बढ़ावा देने, घावों को भरने और मेल मिलाप को बढ़ावा देने के लिए क्षमा की परिवर्तनकारी शक्ति की याद दिलाती है। संघर्षों, गलत फहमियों, अन्याय से ग्रस्त दुनिया में क्षमा का बहुत महत्व है। खुश रहने के दो ही तरीके हैं, माफ करो या माफी मांगो। उपस्थित सदस्यों द्वारा जाने अनजाने में हुई भूल गलतियों के लिए हाथ जोड़कर एक दूसरे से क्षमा मांगी गई। क्षमा सुलह और सद्भाव की ओर एक मार्ग प्रदान करता है चाहे व्यक्तिगत स्तर पर परिवारों और समुदायों की भीतर या राष्ट्रों के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षमा विश्वास के पुनर्निर्माण को बढ़ावा देने और स्थाई शांति को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम के अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर चंदन सिंह शिल्पकार, राजकुमार शिल्पकार, विनोद मेट मुकेश निगम, शिव कुमार टीपू सोलंकी सहित अनेक पाठकगण मौजूद थे।

## सीसी सड़क में आया गैप, दो पहिया वाहन वाले गिरकर हो रहे हैं घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



बासौदा गुलाबगंज मार्ग पर बनी सीसी सड़क के बीच में गैप आ गया है। जिसके चलते आए दिन दो पहिया वाहनों के पहिया सड़क के बीच उभरे गैप में फंस रहे हैं और वाहन सवार अनियंत्रित होकर गिर रहे हैं। जिससे दो पहिया वाहन तो क्षतिग्रस्त हो ही रहे हैं, इसके अलावा वाहन चालक भी गंभीर रुप से घायल हो रहे हैं। जिसको लेकर लंबे समय से लोग उक्त मार्ग की मरम्मत कराए जाने की मांग करते चले आ रहे हैं लेकिन संबंधित ठेकेदार द्वारा उक्त मार्ग पर कुछ किलोमीटर में खाली गैप में पुराव कर अपने कार्य से इतिश्री कर ली जाती है। जबकि इस मार्ग पर कई किलोमीटर तक सड़क के बीचों बीच गैप आ गया है जो वाहन चालकों के लिए मुसीबत का कारण बना हुआ है।

## नगरपालिका का शहर में सफाई अभियान जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगरपालिका द्वारा नपा सीएमओ, स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर नगर के नाले, नालियों में सफाई अभियान निरंतर जारी है। शुक्रवार को सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान अंतर्गत मोतिया नाले, वार्ड नंबर 20 बृजमोहन शर्मा के प्लॉट के पास नगर पालिका के द्वारा जेसीबी, ट्रैक्टर ,कर्मचारियों द्वारा सफाई कार्य कराया गया। इस दौरान पार्षद मूलचंद अहिरवार, सीएमओ जयंत वर्मा, स्वच्छता अधिकारी जावेद खान, सहज तेनगुरिया, शक्ति सिंह, शीतल, धर्मेंद्र आदि उपस्थित थे। वहीं नगर के अनेक स्थानों पर नपा द्वारा जेसीबी मशीन से साफ, सफाई कराई गई। सफाई के दौरान निकले कचरे को नपा के कचरा वाहनों से फिकवाया गया।

ऊंचे ब्रांड का सहारा लेकर मिलावट खोर खुलेआम बाजारों में बेच रहे नकली सामग्री

# अब मिलावटी सामग्री को बेचने वाले व्यापारियों पर दर्ज कराई जाएगी एफआईआर : एसडीएम

*शहर में विक्रय हो रहा नकली मीठे तेल का मामला तेल की तरह हुआ गरम, किराना व्यापारियों में मचा हड़कंप*

शहर में मिलावटी तेल के मामले को लेकर एसडीएम हर्षल चौधरी ने सख्त रवैया अपनाते हुए खाद्य विभाग की टीम को नियमित रूप से किराना दुकानों पर बेचे जा रहें तेलो का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान यदि कहीं भी नकली ब्रांड का तेल पकड़ाया जाता है तो उक्त दुकानदार के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज



एसडीएम के निर्देश के बाद जब विभाग की टीम कार्रवाई के लिए किराना दुकानों पर पहुंची तो कार्रवाई की भनक लगते ही व्यापारियो में हडकंप मच गई और शहर के अधिकांश दुकानदार अपने दुकानों में ताला लगाकर अपने अपने घर चले गए। क्योंकि किराना दुकानदारों को पता है कि जिस व्यापारी से उक्त दुकानदार से तेल मगाया था उस व्यापारी से वह भी तेल मगातें है और जो तेल का उपयोग करने से उक्त परिवार के सदस्य बीमार हुए थें उस तेल का विक्रय वह भी करते है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार जब नकली तेल का मामला तेल की तरह गरम हो गया तो किराना व्यापार संघ ने तत्काल एक गोपनीय बैठक कर तत्काल प्रभाव से कार्यकारणी भंग कर दी। जैसी कि व्यापारियो में चर्चा रही कि एक व्यक्ति के पास पद है उस व्यक्ति पर गंभीर आरोप है। इस मामले को लेकर व्यापारियों ने लामबंद होकर कहा कि तत्काल नवीन कार्यकारिणी का चुनाव कराया जाए। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनो एक ग्रामीण द्वारा नगर के पुराना बस स्टैंड स्थित एक किराना दुकान से तेल की केन लेकर जाने के बाद जब उक्त व्यक्ति के घर में तेल से खाना बना तो उस खाने को खाने से परिवार के सदस्य काफी गंभीर रूप से बीमार हो गए जिन्हें सिरोंज शासकीय अस्पताल भर्ती कराया गया। जहा डॉक्टरों ने मरीजों की हालात गंभीर बताते हुए तत्काल भोपाल रेफर कर दिया था। उक्त मामले की जानकारी मीडियाकर्मियों को लगने के बाद जब समाचार प्रकाशित हुए तो स्थानीय प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाया था। एसडीएम एवं खाद्य विभाग की टीम ने उक्त किराना व्यापारी की खोदाम को सील कर तेल की जब्त लेकर सैंपल के लिए भेजा गया।

## मीठे तेल को लेकर उपभोक्ता परेशान

शहर में बडी मात्रा में ब्रांड के नाम पर नकली मीठे तेल का व्यापार किया जा रहा है। नकली तेल का व्यापार करने वाले व्यापारियों द्वारा खुला मीठा तेल को ब्रांडेड कम्पनी के रूप में अपने घरो पर ही पैकिंग कर ली जाती है और नकली खाद्य सामग्री को ब्रांड का नाम देकर ऊचें दामो में बेचा जा रहा है। नकली खाद्य सामग्री का व्यापार करने वाले व्यापारियो द्वारा नकली माल ऐसी पैकिंग की जाती है जिससे आम नागरिको को पता ही नही चलता की तेल के पाउच व केन नकली है या असली। नगर में खुले मीठे तेल को केन व पाउच में पैक कर जोरो से बेचा जा रहा है। नकली खाद्य सामग्री का विक्रय करने वाले व्यापारी अपने घरों पर ही बडी से बडी कम्पनी का ब्रांड को तैयार कर बाजारो में व्रिक्रय करने के लिए ऐसे निकाल देते है जैसे कि वह माल सीधा कम्पनी से आया हो। विगत वर्ष पहले एक ऐसा ही मामला देखने को मिला था। जहां नगर के रोहिलपुरा चौराहा पर स्थित एक व्यापारी द्वारा अपने घर पर ही नकली तेल को कृति कम्पनी के बं्राड का सहारा लेकर बेचा रहा था। उक्त मामले की जानकारी मिलने के बाद कृति कम्पनी की टीम व खाद्य विभाग की टीम उक्त व्यापारी के घर पहुची थी। लेकिन खाद्य विभाग द्वारा उक्त नकली तेल का व्यापार करने वाले व्यापारी पर कोई कार्यवाही नही की गई। जिसके चलते अन्य व्यापारियो के भी हौसले बुलंद होते जा रहें है। जिसका खामियाजा आम नागरिको को भुगतना पड़ रहा है।

### इनका कहना है

कलेक्टर महोदय के निर्देश है कि खाद विभाग की टीम को नियमित रूप से निरीक्षण करना चाहिए। सिरोंज शहर में दूषित तेल का मामला संज्ञान में आने के बाद नियमित समय में खाद्य विभाग की टीम द्वारा जांच की जाएगी। नकली ब्रांड की खाद्य सामग्री का विक्रय करने वाले व्यापारियो पर तत्काल एफआईआर दर्ज की जाएगी।

**हर्षल चौधरी,** एसडीएम सिरोंज

हमारे द्वारा समय-समय पर किराना दुकानो का निरीक्षण किया जाता है आगे भी कार्यवाही जारी रहेंगी।

**किरण श्रीवास्तव,** खाद्य अधिकारी,विदिशा

## नागरिकों की सेहत के साथ हो रहा खिलवाड़

नकली खाद्य सामग्री का खुले आम विक्रय करने वाले व्यापारी नागरिकों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहें है और खाद्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जानकारी होने के बाद भी अपने कार्यालय में बैठे-बैठे इस खेल को देख रहें है। नकली खाद्य सामग्री का विक्रय करने वाले व्यापारियों का चेहरा जब जनता के सामने आता है जब कोई व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार हो जाता है। आम नागरिकों को यह पता भी नही होता कि जो खाद्य सामग्री वह ऊंचे दाम देकर खरीद रहे है वह नकली माल है। ऐसे व्यापारियों पर कोई कार्यवाही न होने से अन्य व्यापारियों भी ज्यादा पैसे कमाने की चाहत में मिर्च, मसाले सहित अन्य खाद्य सामग्री में मिलावट कर खुले आम बाजारो में बेच रहे हैं।

## मिलावट खोरों का आखिर कब होगा पर्दाफाश

नगर में मिलावटी सामग्री बेचने वाले व्यापारियों का आखिरकार कब पर्दाफाश होगा। क्योकि खाद्य सामग्री की जांच करने का अधिकारी खाद्य विभाग के अधिकारियो के पास होता है। यदि कोई नागरिक खाद्य सामग्री में हो रही मिलावट की शिकायत करने के लिए या तो विदिशा जाता है या फिर वह व्यक्ति एसडीएम के पास पहुंचकर मिलावट खोरो की शिकायत करता है। शिकायत के बाद विदिशा से खाद्य विभाग की टीम आता है और शिकायत कर्ता को पता ही नही चलता और टीम अपनी जांच कर सैंपल के नाम पर खानापूर्ति कर वापस लौट जाती है। जिस कारण अधिकांश नागरिक शिकायत करने से भी दूर हटना पसंद करते है। यदि कोई व्यक्ति खाद्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियो को मोबाईल पर खाद्य सामग्री में मिलावट की जानकारी देना चाहता है तो विभाग के अधिकारी आम नागरिको का मोबाईल रिसीव करना भी उचित नहीं समझते।

# पर्यावरण को बचाने हर व्यक्ति पौधा जरूर लगाए: एसडीओपी

**एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत थाना परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

एक पेड मां के नाम अभियान के तहत ग्राम मुगलसराय थाना परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस एसडीओपी उमेश तिवारी व थाना प्रभारी लखन कुमार साहू ने समस्त स्टाफ व गणमान्य नागरिको के उपस्थिति में मुख्यतह कटहल, आम, नींबू, नीम, जामुन, जमफल आदि के लगभग 35 से अधिक पौधे रौपे। इस मौके पर पुलिस एसडीओपी उमेश तिवारी ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतु आवश्यक है। स्वैच्छिक रूप से वृक्षारोपण कर एक पेड मां के नाम अभियान को सफल करने का आह्वान किया और साथ ही जोर दिया की वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी। पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव हो सके। वही उन्होने कहा कि प्रकृतिक आपदाओं को कम करने के लिए पौधरोपण जरूरी है। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे और प्राकृतिक वातावरण काफी शुद्ध व स्वच्छ है। इस प्राकृतिक वातावरण को बचाए रखने के लिए पौधरोपण अवश्य करना चाहिए। अगर समय रहते ही प्राकृतिक को नहीं बचाया गया तो आने वाले दिनों में पृथ्वी पर निवास करने वालो को जल एवं वायु संकट से जूझना पड़ेगा अतः प्राकृतिक को बचाने के लिए आम लोगों को प्राकृतिक की रक्षा करने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। थाना प्रभारी लखन कुमार साहू ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषण से रोकना है तो पेड़ पौधे लगाना अति आवश्यक है। जहां एक ओर पेड़ पौधे हमें फल और छाया देते हैं, वहीं पेड़ पौधों से हमें विभिन्न प्रकार की औषधियां मिलती हैं। चाहे कोई भी दवा हो, कहीं न कहीं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वनस्पतियों से जुड़ी हुई होती है। पेड़ पौधे इस धरा के अनमोल आभूषण होते हैं। उनसे ही मनुष्य का जीवन आगे बढ़ता है। इनके अभाव में जीवन संभव नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि पेड़ पौधे अवश्य लगाएं। साथ ही उनकी रक्षा करें।

# दो शिक्षकों का वेतन भुगतान रोकने पर प्राचार्य को डीईओ ने दिया नोटिस

**प्राचार्य, पूर्व प्रभारी प्राचार्य की मनमानी का शिकार हो रहे शिक्षक, बना असंतोष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

कन्या हासे बाड़ी में प्राचार्य की मनमानी कार्यप्रणाली नियमों की अनदेखी व्यापक जांच और कार्यवाही का विषय बन रही है। पूर्व से अनेक मामलों की जांच चल रही है। प्राचार्य की आयुक्त लोक शिक्षण भोपाल द्वारा अतिथि शिक्षक मामले में दो वेतन वृद्धि रोकी जाने की कार्यवाही की गई।

शासकीय कन्या हासे के दो शिक्षकों का जून का वेतन मनमाने ढंग से रोके जाने के मामले में जिला शिक्षाधिकारी ने कन्याशाला बाड़ी के प्राचार्य को वेतन बिना ठोस कारण, मनमाने ढंग से रोकने को विभागीय निर्देशा का पालन न करने, अवहेलना कृत्य को अनुशासनहीनता, सेवा नियमों के विपरीत कदाचरण की श्रेणी में मानते हुए कारण बताओं नोटिस जारी किया है।

वर्ष 2018 से जून 22 तक कन्याशाला बाड़ी के प्रभारी प्राचार्य रहे दामोदर अहिरवार जून 24 में सेवानिवृत हो गए। बाद में केशव नामदेव के पास प्रभारी प्राचार्य का दायित्व रहा। सितम्बर 22 से घनश्याम मेहरा प्राचार्य के पद पर है। फरवरी में वार्षिक परीक्षा के दौरान केन्द्राध्यक्ष परीक्षा द्वारा शिक्षक दामोदर अहिरवार को लिपीकीय कार्य में लिखित आदेश से काम कराया गया। जब जून 24 में अहिरवार सेवानिवृत हो गए तब फरवरी 24 का वेतन जून 24 के वेतन से काटने का प्रयास प्राचार्य मेहरा द्वारा किया जा रहा है। इसी प्रकार माध्यमिक शिक्षक कुंवर ताहिर शाह का भी वेतन रोका गया, जिसमें प्राचार्य घनश्याम मेहरा और उनके अधिनस्थ केशव नामदेव की भूमिका पर सवाल उठाये गए है। प्राचार्य मेहरा और अधिनस्थ केशव नामदेव को 2 शिक्षकों का वेतन रोकने के मामले में जिला शिक्षाधिकारी द्वारा नोटिस जारी किए जाने से मनमानी कार्यप्रणाली, नियमों की अनदेखी, कदाचरण का मामला व्यापक चर्चाओं, जांच और प्रभावी कार्यवाही का विषय बना हुआ है।

सेवानिवृत शिक्षक दामोदर अहिरवार ने चर्चा के दौरान बताया कि उनके पुत्र की चुनावो के दौरान गंभीर बीमारी हालत में प्राचार्य मेहरा से छुट्टी मांगी परंतु नहीं दी गई। उपचार के दौरान पुत्र की मृत्यु भी हो गई। शा. कन्या हा.से. में अहिरवार के विदाई कार्यक्रम में अन्य शिक्षक/शिक्षिकाए तो सम्मिलित हुए परंतु प्राचार्य मेहरा और उनके सहयोगी केशव नामदेव जानबूझ कर सम्मिलित नहीं हुए। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि प्राचार्य मेहरा द्वारा जानबूझ कर सेवानिवृति के बाद भी फरवरी 24 का वेतन जून 24 माह में काट कर दामोदर अहिरवार को हैरान परेशान किया जाने, आर्थिक रूप से परेशान सेवानिवृत शिक्षक पर भारी पड रहा है। डीईओ के नोटिस से हडकंप मचा है, वही प्राचार्य मेहरा, सहयोगी नामदेव की कार्यप्रणाली, मनमानी सवालों के घेरे में बनी हुई है।

# हनुमान गढ़ी के सौंदर्यकण के लिए लाखों खर्च कर हो रहा पार्क निर्माण

**एक पेड़ मां के नाम अभियान मंत्री पटेल ने किया पौधरोपण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली



नपं. द्वारा एक पेड माँके नाम अभियान के अंतर्गत नगर में विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया जा रहा है।

शुक्रवार को नपं. के तत्वाधान में एक पेड मां के नाम अभियान के अंतर्गत नगर की शान हनुमान गढ़ी मंदिर के पास लाखों की राशि खर्च कर निर्माण किए जा रहे पार्क में राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, नपं. अध्यक्ष हेमंत चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, सीएमओ हरिशंकर वर्मा, पार्षदों एवं नपं. के कर्मचारियों के साथ गणमान्य नागरिकों द्वारा पौधरोपण किया गया।

**नगर की शान बना हनुमानगढ़ी, हो रहा पार्क निर्माण:** नगर से लगी घोघरा नदी के किनारे प्राचीन हनुमानगढ़ी मढिया के स्थान पर बिदुआ परिवार के अरविन्दनाथ बिदुआ के प्रयासो से 15 वर्षो में राजस्थान के लाल पत्थरो से राजस्थान के कारीगरों द्वारा तीन मंजिला भव्य दिव्य आकर्षक मंदिर का निर्माण किया गया। हनुमान गढ़ी मंदिर नगर की शान बन गया है। जहां शनिवार, मंगलवार के साथ प्रतिदिन भारी संख्या में भक्त नर-नारी नियमित रूप से पहुंचते हैं। नपं. द्वारा लाखों की राशि खर्च कर हनुमानगढ़ी मंदिर के आसपास सौंदर्यकरण के लिए पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। शुरूआत में शुक्रवार को राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल और नपं. अध्यक्ष हेमंत चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, गणमान्य नागरिको, नपं. के कर्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए।

## फोरलेन-45 एवं सड़कों से सैकड़ो मवेशी हटाने सतत अभियान जरूरी

बरेली। जैसे ही खेतो में फसले आती है। सड़को पर आवारा छुट्टा मवेशियों की संख्या तेजी से बढना शुरू हो जाती है। फोरलेन-45 से मवेशियों को हटाने का एक दिन नपं. के कर्मचारियों द्वारा प्रयास किया गया। अन्य प्रमुख सड़कों के साथ नगर की सड़कों पर छुट्टा मवेशियों के झुंड चौबीसों घंटों डेरा जमाए रह कर सुरक्षित यातायात में बाधा बन रहे है। नगर में वर्षो से कांजी हाउस नहीं है, पशु चिकित्सालय में एक छोटी सी गौशाला चल रही है। जिसकी क्षमता 10-15 मवेशी रखने की है, जबकि सड़को पर सेकडो मवेशिया चौबीसो घंटो बनी रहती है। पिछले दिनो कलेक्टर रायसेन के निर्देश पर जनपद बाड़ीके सीईओ द्वारा फोरलेन-45 के किनारे स्थित ग्राम पंचायतो के सरपंचो, सचिवो एवं बरेली पिपरिया मार्ग, बाड़ी बक्तरा मार्ग के किनारों वाली ग्रापं. को सूचना पत्र जारी किया गया। जिसमें प्रमुखता से कहा गया कि यदि सड़क पर गौवंश के कारण दुर्घटना के लिए संबंधित ग्रापं. एवं गौ पालको को दोषी मान कर कार्यवाही की जा सकती है। इसके बाद भी ग्रापं. उदासीन और लापरवाह बनी हुई है। फोरलेन-45 पर स्थान-स्थान पर एवं बाड़ी बक्तरा, बरेली पिपरिया मार्गो पर मवेशियो के झुंड दिन रात मवेशियों का डेरा और झुंड बने रहने से कभी भी जानलेवा घटना की संभावना बनी रहती है। रात में वाहन की लाइट में मवेशी दिखलाई नहीं देते है। गांव-गांव में पशु पालको द्वारा दूध न देने वाले गौवंश छुट्टा आवारा छोड़ने से अन्यों के जीवन के लिए गंभीर खतरा हमेशा बना रहता है।

## शासकीय माध्यमिक विद्यालय में पौधरोपण

कस्बा बागरोद। एक पेड़ मां के नाम लगाने के अभियान के तहत शुक्रवार को शासकीय माध्यमिक विद्यालय मे पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रभारी प्रकाश चंद चौधरी, सचिव धर्मेंद्र विश्वकर्मा, राकेश व्यास, मोहित कानूनगो, लक्ष्मी नारायण चौरसिया, वर्खानिधि सर सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

**In The Court of Civil Judge Class-I, Civil Court Sironj District Vidisha**

**Presiding Officer:** श्रीमती पल्लवी

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS A/0000006/2024)

शम्भू सिंह गुर्जर (ठाकुर) ...................... वादी

Vs

सर्व साधारण .................................. प्रतिवादी

P.N. - 1058 / 09/07/2024

Process Id - 626/2024

पेशी दिनांक : 20/08/2024

प्रेषिती- सर्व साधारण पता- जिला विदिशा म.प्र.

आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी शम्भू सिंह गुर्जर (ठाकुर) पिता पदम सिंह गुर्जर (ठाकुर), निवासी- ग्राम कांकर खेड़ी खुर्द तहसील सिरोंज जिला विदिशा ने अपनी ताई स्व. प्यारी बाई की कृषि भूमि जो कि भूमि सर्वे क्रमांक 48 कुल किता 01 कुल रकबा 2.529 है. स्थित ग्राम कांकरखेड़ी खुर्द तहसील सिरोंज जिला विदिशा है की वसियत के आधार पर नामांतरण स्वत्व घोषित किये जाने के लिए न्यायालय में स्वत्व घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 20 अगस्त 2024 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को मृतक स्व. प्यारी बाई पति स्व. जवाहर सिंह की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 48 कुल किता 01 कुल रकबा 2.529 है. स्थित ग्राम कांकरखेड़ी खुर्द तहसील सिरोंज जिला विदिशा, का वसीयत के आधार पर नामांतरण स्वत्व घोषित किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 20 अगस्त 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 09 जुलाई 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

श्रीमती पल्लवी
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड
सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र.)

# वायरल वीडियो से छात्र-छात्राओं के अभिभावकों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶लटेरी




निजी विद्यालयों में बच्चों को लाने वाले वाहन में बच्चों के साथ एलपीजी गैस सिलेंडर का परिवहन खतरनाक हो सकता है। अगर प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो इसके परिणाम बड़े भयानक हो सकते हैं। लटेरी के ग्रामीण क्षेत्रों से वाहनों में बच्चों को ठूंस ठूंस कर भरे जाते हैं।

आरटीओ, स्कूल संचालकों व पालकों की अनदेखी से छात्र-छात्राएं खतरों भरा सफर करने को मजबूर हैं। यही कारण है कि अनफिट वाहनों में बच्चे हादसे का शिकार हो जाते हैं। हालत यह है कि क्षमता से दो गुना बच्चों को बैठाकर लाने ले जाने का काम कर रहे है। कुछ स्कूलों को छोड़ दे तो अधिकतर में फिटनेस, पंजीयन, फस्ट एड बाक्स, अग्निशमन यंत्र, वाहन का रंग व नंबर सब गायब हैं। बावजूत इसके जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं जिले में लगभग जिले में 40 हजार से अधिक बच्चे रोजाना वाहनों में स्कूल जाते हैं, जिसके लिए 500 से ज्यादा स्कूल वाहन चल रहे हैं, लेकिन जिले में सिर्फ कुछ वाहन ही हैं स्कूलों के नाम पर पंजीकृत है। जिनमें सुप्रीम कोर्ट से लेकर समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों की धज्जियां उड़ाकर वाहनों का चालाया जा रहा है। जिससे बच्चों का खतरों के बीच सफर करने को मजबूर होना पड़ रहा है। हालत यह है कि वाहन अनफिट होने के साथ ही मनमाने रंग, क्षमता से अधिक बच्चे बैठाकर वाहनों का संचालन किया जा रहा है। कहीं क्षमता से अधिक बच्चे, तो कही कंडम वाहन शहर के प्रमुख निजी स्कूलों में जाकर देखा तो कई वाहन पीले रंग में नहीं दिखे। जब इनकी बैठक क्षमता देखी तो सीटें गायब थी। इनमें पटिया लगाकर अधिक बच्चों को बैठाने की व्यवस्था बना रखी थी। बसों में जहां अग्निशमन व फस्ट एड बाक्स सहित इंमरजेंसी गेट बंद अवस्था में थे। वहीं मैजिक वाहनों में भी पटिए पर कुशन व कवर लगा लिए गए। जब इनमें बच्चे बैठना शुरू हुए तो जहां आगे की सीट पर दो लोग बैठते है, वहीं चार बच्चे बैठ गए। जब चालक से कहा तो उसका कहना था बच्चे हैं मानते नहीं आगे बैठने की जिद करते हैं। क्या कह सकता हूं, वहीं पीछे सीट पर जहां छह से आठ लोग बैठ सकते हैं, वहां पटियों पर ही 15 बच्चे बैठे हुए नजर आए। अधिकतर वाहनों में ठूसठूस कर बच्चों का भरा गया था। जब एक चालक से पूछा तो उसका कहना था मेरा दूसरा वाहन खराब हो गया। इसलिए बच्चों को बैठा लिया। इतना ही नहीं पिकअप आटों में इतने अधिक बच्चे बैठे हुए थे।

### यह गंभीर लापरवाही है

इस तरह का मामला लापरवाही पूर्ण है। आपके द्वारा मेरे संज्ञान में आया है। नोटिस दिया जाएगा और वरिष्ठ कार्यालय को मान्यता समाप्त करने की कार्रवाई के लिए निवेदन किया जाएगा। -वीरेंद्र बघेल, बीईओ लटेरी

### जांच कराई जाएगी

स्कूल बसों को चेक करते हैं, जिसमे फिटनेस भी शामिल है और ऐसी वाहनों को चिन्हित कर समझाइस के साथ ही हिदायत भी दी जावेगी।

-**सुरेश सोलंकी**, थाना प्रभारी लटेरी

## कृषि योजनाओं के लिए एमपी किसान पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

सागर। कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बीज, सिंचाई यंत्र एवं अनुदान सामग्री का लाभ लेने के लिए जिले के कृषक किसान पोर्टल एमपी किसान पर ऑनलाइन पंजीयन करायें। पंजीयन के लिए वेबसाइट के माध्यम से स्वंय या नजदीकी एमपी ऑनलाइन केंद्र पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। कृषि योजना मे पंजीयन करने के लिए वेबसाइट पर पंजीयन विकल्प पर क्लिक करें। पंजीयन के लिए जरूरी दस्तावेज जो संलग्न होने की जानकारी दी जाती है जैसे कृषक का आधार कार्ड, कृषक की भूमि से सम्बंधित जानकारी, कृषक की समग्र आई.डी, कृषक का जाति प्रमाण-पत्र यदि आवेदक अनु.जाति, अनु. जनजाति का हो तो जानकारी प्रदान करनें।

**कार्यालय म.प्र. जन अभियान परिषद जिला विदिशा**

(योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, म.प्र. शासन)
कार्यालय, पुराना कलेक्ट्रेट परिसर, कोषालय स्थापना शाखा का कक्ष, विदिशा
फोन नं. 07592-234609 ई- मेल - vid_dcjap@rediffmail.com

क्र 303/जि.ज.अ.प./नवांकुर/2024 — विदिशा दिनांक 12.07.2024

**// विज्ञप्ति //**

म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा संचालित नवांकुर योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 अंतर्गत लीड एन.जी.ओं. के रूप में सेक्टर उनारसीकलां एवं सेक्टर आनंदपुर विकासखंड लटेरी हेतु 01-01 एवं सेक्टर पथरिया, विकासखंड सिरोंज हेतु 01 स्वैच्छिक संगठन/तीन वर्ष से परिषद के साथ जुड कर कार्य कर रही प्रस्फुटन समितियों का निर्धारित मापदण्डों के अनुसार चयन किया जाना हैं, विकासखंड स्तर पर पंजीकृत स्वैच्छिक संगठन/ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति को प्राथमिकता दी जावेगी। संभाग समन्वयक, म.प्र. जन अभियान परिषद की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा संस्था का चयन किया जावेगा। योजना का विवरण एवं आवेदन फार्म म.प्र. जन अभियान परिषद, जिला कार्यालय विदिशा, पुराना कलेक्ट्रेट परिसर, कोषालय स्थापना शाखा का कक्ष से प्राप्त किया जा सकता है। पूर्णतः भरे हुए आवेदन एवं समस्त दस्तावेजों सहित दिनांक 13/07/2024 से 19/07/2024 तक सायं 06 बजे तक स्वयं या रजिस्टर डाक के जिला कार्यालय विदिशा में जमा किये जा सकते हैं।

**जिला समन्वयक**
**म.प्र. जन अभियान परिषद जिला - विदिशा**

# पीडीएस दुकानों पर सर्वर डाउन होने से नहीं हो पा रहा राशन का वितरण

## मजदूरी छोड़ राशन दुकान पर बैठे रहते है हितग्राही, अधिकारी बोले- सर्वर डाउन की समस्या पूर प्रदेश में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

सरकारी उचित मूल्य की दुकानों पर सर्वर डाउन होने के कारण पीडीएस के राशन का वितरण नहीं हो पा रहा है। पीडीएस राशन कार्ड धारी महिलाएं पुरुष कई कई घंटे राशन दुकान पर राशन लेने के लिए बैठे रहते है, लेकिन उन्हें सर्वर डाउन होने के कारण राशन नहीं मिल पाता है। राशन नहीं मिल पाने के कारण कई बार हितग्राही तथा सेल्समेन के बीच विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती है।

उचित मूल्य का राशन वितरण किए जाने को लेकर मुख्यालय सहित तहसील भर में करीब 75 दुकाने संचालित की जा रही है। जहां से हितग्राहियों को प्रतिमाह राशन का वितरण किया जाता है, लेकिन राशन वितरण के दौरान सर्वर डाउन की समस्या बनी रहती है। फलस्वरुप राशन का वितरण नहीं हो पाता है। हितग्राही कई घंटे राशन के लिए इंजतार में बैठे रहते है, परंतु उन्हें राशन नही मिल पाता है।

### दो दिन से सर्वर डाउन, नहीं बंटा राशन

बीते दो दिन से राशन दुकानों पर सर्वर डाउन होने के कारण राशन का वितरण नहीं हो पाना बताया जा रहा है, राशन लेने दिन भर बैठने के बाद हितग्राही शाम के समय खाली हाथ अपने आसियाने का लौट जाते है।



### बनती है विवाद की स्थिति

तहसील भर में संचालित पीडीएस की राशन दुकानो पर सर्वर डाउन होने के चलते राशन का वितरण नही हो पाता है। राशन वितरण नहीं हो पाने से कई बार सेल्समेन व हितग्राहियों के बीच विवाद की स्थिति भी बनते हुए देखी जाती है, मामला थाने तक भी पहुंच जाता है। सर्वर डाउन होने की मजबूरी के चलते सेल्समेन राशन का वितरण नही कर पाते है, पीडीएस राशन मशीन पर हितग्राही का फिंगर लगते है इसके बाद हितग्राही को राशन दिया जाता है।

### मजदूरी छोड़ राशन लेने जाते है ग्रामीण, करना पड़ रहा इंतजार

*ग्रामीण अंचलो मे स्थित राशन दुकानों पर राशन लेने जाने वाले अनेक हितग्राही ऐसे भी है जो कि मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का गुजर बसर करते है, वह मजदूरी छोड़ कर राशन लेने जाते हैं, लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण उन्हे राशन नहीं मिल पाता है। वह कई घंटे इंतजार के बाद शाम के समय खाली घर लौट जाते है, ऐसे मजदूर वर्ग के हितग्राही उस दिन काम पर नही जा पाते है जिस कारण उन्हे आर्थिक नुकसान होता है बल्कि राशन भी नही मिल पाता है। ग्रामीण अंचलों में अधिकांश हितग्राही प्रतिदिन मजदूरी कर अपने परिवार का गुजर बसर करते हैं।*

### विवाह का समय और सर्वर डाउन

इन दिनों शादी विवाह का सीजन चल रहा है। पीडीएस का राशन लेने वाले अनेक हितग्राही ऐसे भी है जिनके यहां व परिवार में लड़केए लड़की की शादी हैए लेकिन वह विवाह छोड़ कर राशन लेने राशन दुकान पर बैठे हैए लेकिन सर्वर डाउन होने से राशन का वितरण नही हो पा रहा है। कई हितग्राही तो ऐसे भी होगे जिनके घर पीडीएस के राशन से ही चूल्हा जलता होगा ।

### पूरे प्रदेश में सर्वर डाउन की समस्या

ऐसा नहीं है कि सर्वर डाउन की समस्या मात्र सिलवानी तहसील की राशन दुकानों पर ही बनी हुई है प्रदेश भर की राशन दुकानो पर सर्वर की समस्या बीते दो दिनो से बनी होना बताया जा रहा है। प्रदेश की हजारो दुकानो पर सर्वर डाउन होने से राशन का वितरण नही हो पा रहा है। सर्वर डाउन होने से सेल्समेन तथा हितग्राही परेशान देखे जा रहे है।

### हितग्राही बोले नही मिल पाता है राशन

*सर्वर डाउन से राशन वितरण के दौरान परेशानी का सामना हितग्राहियों को करना पड़ रहा है। दो दिन से सर्वर डाउन की समस्या बनी हुई है, जिस कारण राशन का वितरण नहीं हो पा रहा है। हितग्राही दिनभर राशन दुकान पर राशन लेने बैठे रहते है, लेकिन शाम तक उन्हे राशन नहीं मिल पाता है, वह खाली हाथ ही घर चले जाते है। ग्राम मुआर की दुकान पर राशन लेने बैठे हितग्राही सलीम खान, रामवती बाई, सुनीता, मनमोद आदिवासी, सुरेश अहिरवार आदि ने बताया कि उन्हे समय पर राशन नही मिल पा रहा है। सेल्समेंन सर्वर डाउन होने के कारण राशन का वितरण नही कर रहे है। वह मजदूरी छोड़ कर राशन लेने आए है, लेकिन उन्हे राशन भी नहीं मिलता बल्कि दिन भर की मजदूरी भी चली जाती है।*

### समस्या का होगा निराकरण

सर्वर डाउन की समस्या रायसेन जिले में नहीं कमोवेश पूरे प्रदेश में है, अतिशीघ्र सर्वर डाउन की समस्या से निजात मिलने की संभावना है।
**योगेश रघुवंशी,** सर्वर इंजीनियर रायसेन

## शादी समारोह से लौट रहा था परिवार, रास्ते में चाय पीने रुके थे

# चाय पी रहे लोगों को पिकअप ने मारी टक्कर, दो बच्ची समेत 6 लोग घायल







हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानंगज/सलामतपुर

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर लगातार 3 दिन से दुर्घटनाएं हो रही है, जिनमें अभी तक 12 लोग घायल हो चुके हैं। बुधवार को सोजना पर पेड़ से बोलोरो पिकअप टकराई थी तो शुक्रवार को दीवानगंज फेक्ट्री चौराहे पर कार ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारी थी। वहीं गुरुवार शुक्रवार की दरमियानी देर रात्रि में शादी समारोह से शामिल होकर लोडिंग ऑटो से लौट रहे परिवार के लोग बेरखेड़ी चौराहा स्थित होटल पर चाय पीने रुक गए इस दौरान भोपाल की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बोलोरो पिकअप वाहन ने होटल पर चाय पी रहे लोगों को टक्कर मार दी।

इस दौरान आगे एक गाय भी खड़ी हुई थी उसको भी टक्कर मारी जिसमें गाय की मौत हो गई तथा दो बच्ची सहित 6 लोग घायल हो गए। घायल होने वालों में मथुरा बाई, पल्लवी, दौलत राम, अंशिका और विशाल आदि शामिल है।

जनकारी के मुताबिक दीवानगंज के पास स्थित गीदगढ़ पंचायत के गांव भंवरखेडी हिनोतिया रहने वाले धानक परिवार के लोग लोडिंग ऑटो से देवनगर के पास महालपुर पाठा में शादी समारोह में गए हुए थे। शादी करने के बाद लौटते वक्त बेरखेड़ी चौराहा पर चाय पीने रुक गए। इसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दो बच्ची सहित 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

वही आगे एक गाय खड़ी हुई थी टक्कर से गाय की भी मौत हो गई। सभी घायलों को पहले बरखेड़ी चौराहा पर स्थित निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया है। जहां पर घायलों का इलाज जारी है वही पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 3 दिन में हो चुकी 4 दुर्घटनाएं, 11 लोग हो चुके घायल

बता दें कि भोपाल विदिशा हाईवे पर दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है 3 दिन में ही बालमपुर से लेकर सोजना तक 10 किलोमीटर के दायरे 4 दुर्घटना हो चुकी है। जिसमें 11 लोग घायल हो गए हैं। शुक्रवार रात 11 बजे बालमपुर चौराहे के पास स्थित बरार पंप के सामने रोड पर गड्ढे को बचाने के चक्कर में एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर रोड पर ही गिर गई, गनीमत रही की सामने या पीछे से कोई बड़ा वाहन नहीं आ रहा था नहीं तो एक बड़ी दुर्घटना हो सकती। पीछे आ रही मोटरसाइकिल बालों ने रोड पर गिरे हुए व्यक्ति को उठाकर साइट में किया। हालांकि किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई चोट नहीं आई है जबकि गाड़ी पर दो छोटी बच्ची सही तो व्यक्ति सवार थे।

### अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

**नायब तहसीलदार ने दिखाई मानवता 108 से घायलों को पहुंचाया अस्पताल**


सलामतपुर। शुक्रवार को शाम 6 बजे के आसपास भोपाल विदिशा हाईवे पर तहसील कार्यालय के सामने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक एक्सीडेंट देख भीड़ जमा हो गई। वहीं भीड़ देख सांची नायब तहसीलदार नियति साहू मौके पर पहुंची। नायब तहसीलदार ने 108 एंबुलेंस को फोन



कर सूचना दी। नायब तहसीलदार नियति साहू ने मानवता दिखाते हुए घायलों को राहगीरों की मदद से 108 एम्बुलेंस में भिजवाया। 108 के पायलट तारीख खान द्वारा सांची अस्पताल में घायलों को भर्ती कराया, जहां उपचार जारी है। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जानकारी के मुताबिक धर्मेंद्र व गोलू दोनों निवासी सीहोर के बताए जा रहे हैं जो बाइक से विदिशा जा रहे थे। इस दौरान भोपाल विदिशा हाईवे सांची तहसील कार्यालय के सामने किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे यह दोनों घायल हो गए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रातातलाई टोरिया में मां बेटी सोती रही जेवरात और नकदी चुरा ले गए चोर


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर





ग्राम रातातलाई टोरिया में बीती रात चोर एक घर में पीछे से बाउंड्री कूदकर अंदर आए। घर में मां बेटी सो रही थी गेट का लॉक नहीं लगा था। चोरों द्वारा अंदर घुसकर अलमारी में रखें सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी 35 हजार रुपए चोरी कर फरियादी की किराने की दुकान का ताला काटकर दुकान में रखा किराने का सामान भी ले उड़े। फरियादी सुशीला अहिरवार ने बताया कि वह और उसकी बेटी ही घर में रहती है और वह किराने की दुकान चलाते हैं। रात में 11 बजे दुकान बंदकर दोनों मां बेटी सो गए थे सुबह 5 बजे के लगभग उठे तो सामान बिखरा हुआ पड़ा था। अलमारी में सोने चांदी के जेवर और 35000 नहीं थे, वहीं बाहर आकर देखा तो किराने की दुकान का ताला कटा हुआ था जो कुंडी से ही लटका था। दुकान में रखा किराने का सामान भी चोरी हो गया। फरियादी महिला की रिपोर्ट पर सलामतपुर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## फर्शी तोड़ते हुए नाली में घुसा ट्रक, अनहोनी टली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर।

भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर भाजपा नेता के घर के सामने देर रात एक आयशर मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर फर्शी तोड़ते हुए नाली में घुस गया। गनीमत रही कि कोई बड़ी अनहोनी होने से बच गई।

भाजपा नेता रितेश अग्रवाल ने बताया कि देर रात उनके घर के सामने एक मिनी आयशर ट्रक एमएच 02 एफएक्स 3662 जो विदिशा से भोपाल की ओर जा रहा था। अनियंत्रित होकर नाली में घुस गया। गनीमत रही कि रात का मामला होने के कारण उनके घर के बाहर बच्चे वगैरह नही थे। वरना बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

## बारिश नहीं होने से खेतों में मुरझाने लगी धान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

क्षेत्र में झमाझम बारिश नहीं होने के चलते किसानों को चिंता सताने लगी है। क्योंकि वर्तमान में किसानों द्वारा अपने खेतों में धान की पौध लगाने का काम तेजी से चल रहा है ऐसे में उनको पानी सख्त जरूरत है। लेकिन बारिश नहीं होने के चलते धान के गढ़े खाली पड़े हैं। ऐसी स्थिति में किसानों को धान का रोपा लगाना तक मुश्किल हो रहा है, जिन्होंने धान लगा दी है। उन्हें ट्यूबवेल से गड़े भरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। किसान रामाशीष, शिवराज, सौदान सिंह ने ने बताया कि बारिश नहीं होने से धान की फसल मुरझाने लगी है।

### अग्निवीर के लिए करें 28 जुलाई तक आवेदन

रायसेन। भारतीय वायु सेना (अग्निवीर) के लिए आवेदन के लिए विज्ञापन जारी किया है। जिसमें आवेदन 8 जुलाई से प्रारंभ हो गए हैं तथा 28 जुलाई तक किए जा सकते हैं। इच्छुक युवा आवेदन के लिए वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते है। जिनका जन्म 3 जुलाई 2004 व 3 जनवरी 2008 के मध्य हुआ है वह युवा आवेदन करने के लिये पात्र है। शैक्षणिक योग्यता संबंधी जानकारी विज्ञापन या वायु सेना भर्ती की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### खरीफ फसल का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

## जोखिम से बचने किसान पीएम फसल बीमा योजना का लाभ लेने आगे आएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में खरीफ फसल का बीमा 1 जुलाई से शुरु हो गया है। उप संचालक कृषि एनपी सुमन ने बताया कि खरीफ की प्रमुख फसल सोयाबीन के लिए 578 रुपये प्रति हेक्टेयर, धान सिंचित 1020 रु प्रति हेक्टेयर, धान असिंचित 652 रु प्रति हेक्टेयर, अरहर 680 रु प्रति हेक्टेयर, उडद 398 रु प्रति हेक्टेयर, मूंग 542 रु प्रति हेक्टेयर व मक्का के लिए 520 रु प्रति हेक्टेयर की बीमा राशि तय की है। खरीफ में सोयाबीन व मक्का पटवारी हल्का स्तर पर अधिसूचित है। पटवारी हल्का में अधिसूचित फसलों की राशि बैंकों द्वारा काटी जाएगी।

जिन किसानों को फसल बीमा नहीं कराना है, वह अंतिम तिथि से 7 दिवस पूर्व अर्थात 24 जुलाई 2024 तक बैंकों को निर्धारित प्रपत्र में सूचित करना होगा कि वह इस वर्ष योजना में सम्मिलित नहीं होना चाहते है। वहीं अधिसूचित क्षेत्र के अऋणी कृषक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा अपने संबन्धित बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर, पोस्ट ऑफिस के माध्यम से स्वेच्छिक रूप से करा सकते है।

# 2 अलग-अलग मामलों में 2 नाबालिग लापता

- पुलिस ने नई धाराओं के तहत मामले को किया दर्ज
- परिजनों ने सलामतपुर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना क्षेत्र के एक नजदीकी गांवों में रहने वाली सोलह साल की नाबालिग लड़की और एक साढ़े तेरह साल का लड़का घर से बिना बताए लापता हो गए हैं। जैसे ही मामले की जानकारी परिजनों को मिली तो उन्होंने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। सलामतपुर पुलिस ने नई धाराओं के तहत धारा 137(2) बीएनएस का मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के एक नज़दीकी गांव से आई महिला ने शिकायत दर्ज कराई की उनकी सोलह साल की नाबालिग लड़की 6 जुलाई की दोपहर से गायब है। काफी खोजबीन के बाद भी लड़की का कहीं पता नही चल सका। लड़की अपने नाना के घर आई हुई थी। पुलिस ने मामला नाबालिग लड़की से जुड़ा होने की वजह से तत्काल मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरे मामले में एक साढ़े तेरह साल का नाबालिग लड़का लापता हैं। यह 9 जुलाई को घर से दुकान पर समान लेने का बोलकर निकला थ, जिसका अभी तक पता नही चल सका है। नाबालिग लड़का पिता की मौत पांच साल पहले होने के कारण अपने मामा के घर पर रह रहा था।

### इनका कहना है

मामला नाबालिग लड़का लड़की से जुड़ा होने के चलते तत्काल आसपास थाने सहित भोपाल और विदिशा थाना क्षेत्र में भी नाबालिग लड़के लड़की से जुड़ी हुई पूरी जानकारी भेज दी है। उन्होंने कहा है कि जांच जारी है। हम शीघ्र ही दोनों नाबालिगों को बरामद कर लेंगे।
**दिनेश सिंह रघुवंशी,** थाना प्रभारी सलामतपुर

# नवांकुर संस्था सेक्टर ईंटखेड़ी में करेगी 300 पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

नवांकुर संस्था सेक्टर 1 ईंटखेड़ी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम पंचायत ईंटखेड़ी ग्राम, चिरका, ग्राम बेरखेड़ी कलां, बगवाड़ा, कोडरी, चोरा कमरोरा, किनगी, सुल्तानपुर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को शासकीय माध्यमिक शाला ईंटखेड़ी एवं ग्राम कोडरी में हनुमान मंदिर परिसर में 60 पौधों का रोपण किया गया।



जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में, रोहन पिलाई, भाजपा युवा मंडल महामंत्री, ग्राम पंचायत प्रदान, गणेशी बाई, गुलाब सिंह अहिरवार, ब्लॉक समन्वयक सविता कावरे जअप बाड़ी, अंकित यादव, इंजीनियर बाड़ी, ग्राम पंचायत सचिन सुरेंद लोधी, सहायक सचिव, मुकेश, हायर सेकेण्डरी स्कूल से दर्शन सिंह खामरा, उषामोहन, लता, अध्यापक माध्यमिक शाला, नवांकुर संस्था के सचिव एन अहिरवार एवं परामर्शदाता राजाराम बागड़ी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष हेमराज कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा, ग्राम कोडरी से मंगल सिंह, गणेशराम, प्रताप, श्रीराम, लालाराम, हरगोविंग, बालमुक्द, मनोहर, अशीष, क्रांति बाई, कला बाई, प्रेम बाई, कृष्णा बाई सहित ग्रामीण जनों के सहयोग से पौधे लगाकर उन्हें वायुदूत पर अपलोड किए गए ।

### एक घंटे में त्रिमूर्ति जिनालय से बुधवारा बाजार तक पहुंची

# आर्यिका संघ की गाजे बाजे से की आगवानी

- आर्यिका आराध्यमति माता की आगवानी को उमड़ा जन सैलाब जयकारो से गूंजा नगर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

समाधिष्ट आचार्य विद्यासागर महाराज की शिष्या व आचार्य समय सागर महाराज की आज्ञावर्ती आर्यिका आराध्यमति माता का शुक्रवार को दोपहर के समय संसघ नगर आगमन हुआ। सागर रोड स्थित दिगंबर जैन त्रिमूर्ति मंदिर पर भव्य आगवानी अखण्ड दिगंबर जैन समाज द्वारा की गई, यहां से गाजे बाजे ढोल नगाड़ो के साथ जयकारा लगाते हुए बुधवारा बाजार स्थित पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर लाया गया, आर्यिका संघ की आगवानी में जन सैलाब उमड़ पड़ा।

आर्यिका संघ की आगवानी व दर्शन के लिए स्वागत को आतुर भक्तो में ऐसा उत्साह देखा कि त्रिमूर्ति जिनालय से बुधवारा बाजार तक का सफर पूर्ण करने में आर्यिका संघ को करीब एक घंटे का समय लगा।

### अनेक स्थानों पर उतारी आरती

आर्यिका संघ की आगवानी के साथ ही पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर बुधवारा बाजार के रास्ते में अनेक स्थानों पर आर्यिका आराध्यमति माताजी, आर्यिका उचितमति माता, आर्यिका अचिंतमति माताजी तथा आर्यिका विजितमति माता की आरती उतारी साथ ही पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद लिया। नगर में बनाए अनेकों स्वागत द्वार के अतिरिक्त बेनर व फ्लेक्स भी लगाए, रास्ते में अनेकों स्थानो पर आकर्षक रंगोली सजाई गई।

### आचार्य समय सागर महाराज के आशीर्वाद से चातुर्मास करने का सौभाग्य मिला- आर्यिका माता

*आगवानी के पश्चात पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में संक्षिप्त संबोधन में आर्यिका आराध्यमति माता ने कहा कि आगवानी को देख कर लग रहा है कि सिलवानी की अखण्ड दिगंबर जैन समाज में जिनशासन के प्रति आगाढ़ श्रद्धा व भावना विद्ब्रमान है। तभी तो सिलवानी को घर्म नगरी से संबोधित किया जाता है। उन्होंने बताया कि आचार्य समय सागर महाराज के आशीर्वाद से चातुर्मास करने का सौभाग्य मिला है। हम सभी मिल कर चार माह तक लगातार स्वाध्याय, तप आदि अनुष्ठान के माध्यम से आत्म साधना करेगे, ताकि धर्म की प्रभावना बढ़ सके। प्रारंभ में चित्र अनावरण व दीप प्रज्जोलन आर्यिका संघ कें विहार में सेवारत रही मुनि सेवा समिति के अध्यक्ष राजीव जैन जेके, आलोक जैन, नितेश जैन (छोटू), पारस जैन आदि के द्वारा किया गया।*